हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 दिसंबर 2025

11 सांसद का अधिकारियों को हर गांव का विलेज...



12 जाटसभा की आम बैठक में मृत्युभोज प्रतिबंध पर...



नेशनल हाइवे 152 डी पर बुधवार रात ढाई बजे हुआ था हादसा
कंटेनर में तलाशी के दौरान पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# जिस कार में 3 दोस्त जिंदा जले, उसे टक्कर मारने वाले कंटेनर में पशु आहार की आड़ में छुपी मिली भारी मात्रा में अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नेशनल हाइवे 152 डी पर जिस कैंटेनर ने कार को टक्कर मारी, उस कंटेनर में पुलिस को तलाशी के दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से लाई गई शराब बरामद हुई है। पुलिस ने इस शराब को जब्त कर आरोपित अज्ञात फरार चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि नेशनल हाइवे 152 डी पर जाट गुवाना टोल प्लाजा के पास बुधवार रात्रि करीब ढाई बजे कंटेनर एवं कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही जलने से मौत हो गई थी। रात्रि का समय होने के कारण पुलिस ने उस वक्त एक्सीडेंट के मद्देनजर आवश्यक कार्रवाई की थी, लेकिन जब सदर पुलिस ने दिन के समय दोबारा से घटनास्थल का दौरा किया, तब दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर की पिछली बॉडी खोलकर चेक की। चेक करने पर शुरू में उसमें पशुओं का खल–बिनौलों के कट्टे रखे हुए दिखाई दिए, लेकिन जैसे ही कंटेनर पर चढ़कर अंदर प्रवेश किया तो उनकी आंखें खुली की खुली रह गई। कंटेनर में पशुचारा के बीच में अवैध शराब की पेट्टियां छुपाई हुई थी। गिनती करने पर इन पेट्टियों की संख्या 602 मिली, जिसे सदर पुलिस ने जमा तलाशी की कार्रवाई के तहत जब्त कर लिया। यह कैंटर मध्य प्रदेश के नंबरों का है।

हादसे के बाद ड्राइवर कंटेनर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। शराब मिलने पर इस कार्रवाई में आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया गया। आबकारी विभाग की तरफ एईटीओ राजेंद्र सिंह एवं पुलिस आश्चर्य में पड़ गए कि पशुचारे की आड़ में शराब सप्लाई की जा रही थी। यहां बता दें कि कंटेनर के पिछले हिस्से की शुरुआत में 'गोदावरी सिल्वर मेश फिड' नामक पशु आहार के महज 10 कट्टे रखे हुए थे, ताकि पीछे से कंटेनर खोलने पर किसी को शक न हो और पशु आहार ही दिखाई दे, लेकिन पुलिस ने जैसे ही इन कट्टों को हटाया, उनके पीछे बड़ी संख्या में शराब और बीयर की पेटियां छिपी हुई मिली।





नारनौल। सड़क हादसे का शिकार कंटेनर व कंटेनर की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### शराब मिलने का विवरण

आबकारी विभाग के अनुसार कंटेनर से कुल 448 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिनमें रॉयल स्टैग, ब्लेंडर प्राइड और रॉयल चैलेंज ब्रांड की पव्वे, अद्धा और बोतलें शामिल हैं। इसके अलावा 154 पेटी बीयर भी मिली, जिनमें किंगफिशर और बडवाइजर के कैन शामिल हैं। इस तरह कुल 602 पेटी शराब और बीयर की बरामदगी हुई हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि शराब की बोतलों और पेटियों से बैच नंबर मिटाए गए थे, ताकि इनके स्रोत का पता न चल सके। आबकारी विभाग ने शराब को अवैध घोषित करते हुए नमूने लेकर सील कर दिए हैं।

### यह बोले थाना इंचार्ज

सदर थाना के जांच अधिकारी अमरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ दो मामले दर्ज किए हैं। इनमें एक रोड एक्सीडेंट का भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत तथा दूसरा आबकारी अधिनियम की धारा 61-4/20 के तहत दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस कंटेनर के नंबरों के आधार पर ड्राइवर एवं मालिक की तलाश में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### तीन गांवों की बिजली आज 5 घंटे रहेगी बंद

**महेंद्रगढ़।** 33 केवी छाजियावास पावर हाउस से संचालित कई 11 केवी फीडर लाइन आज सुबह 11 बजे से दोपहर दोपहर तीन बजे तक बंद रहेंगी। विभाग के जितेंद्र यादव ने बताया कि बिजली आपूर्ति बंद रहने का कारण पावर ग्रिड की 765 केवी सीकर-से-नेराला लाइन के टावर पर लाइन कार्य बताया गया है। बिजली विभाग के अनुसार इस दौरान 11 केवी अरावली एपी, 11 केवी घमंडी दास एपी, 11 केवी खेरौली एपी, 11 केवी जांजडियावास एपी तथा 11 केवी छाजियावास आरडीएस फीडर लाइन प्रभावित रहेंगी। इन फीडरों से जुड़े निंबी, दुलोठ अहिर व छाजियावास गांवों में निर्धारित समय के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से असुविधा के लिए सहयोग की अपील की है।

### लाल पहाड़ी पॉवर हाउस की बिजली कट रहेगी आज

**नारनौल।** 33 केवी लाल पहाड़ी लाइन पर 27 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक परमिट लिया जाएगा। इस दौरान इन लाइनों पर जम्फर रिपेयरिंग व ट्री कटिंग का कार्य किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एसडीओ सिटी मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बताया कि इस दौरान शहर के मोहल्ला मालीटिब्बा, बहरोड़ रोड, पुरानी मंडी, कोलियान, इंद्रा कॉलोनी, नांगल चौधरी रोड, अनाज मंडी, पीरआगा, गुरुनानकपुरा, चौधरियान, मेहता चौक, फ्रांसखाना, किला रोड, गांधी कॉलोनी, खड़खड़ी व आजाद चौक के आसपास के एरिया की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे शांति बनाए रखें। वह बिजली निगम के इस कार्य में सहयोग करें।

### नौताना गांव से ट्रॉली चुरा ले गए चोर

**कनीना।** सदर थाना अंतर्गत गांव नौताना से अज्ञात चोर ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी कर ले गए। इस बारे में ग्रामीण महेश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसने बीती 18 दिसंबर को अपनी टॉली बिहारी दास मंदिर के समीप खड़ी की थी। अगले दिन देखा तो ट्रॉली नहीं मिली। उन्होंने अपने स्तर पर खोजबीन भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने ट्रॉली चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### श्रीकृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली की बैठक 4 को

**मंडी अटेली।** श्रीकृष्ण बाल गोपाल गोशाला बिहाली में बैठक चार जनवरी को आमसभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए गोशाला प्रधान महावीर सिंह ने बताया कि इस बैठक में गोशाला की आगामी कार्यकारिणी के गठन पर भी विचार किया जाएगा। वहीं नए साल पर एक नई रूपरेखा बनाकर आगामी कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

शीत लहर और धुंध-कोहरा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

# नारनौल शहर रहा सबसे ठंडा, लोग कांपे न्यूनत्तम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस

दिन का अधिकत्तम तापमान 18.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। महेंद्रगढ़ में अधिकत्तम 22.0 एवं न्यूनत्तम 6.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम आमतौर पर शुष्क परन्तु गतिशील बना हुआ है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में कुछ स्थानों बादलों की आवाजाही और कुछ स्थानों पर कोहरा देखने को मिला, जिसकी वजह से तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। भारतीय मौसम विभाग ने हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर शीत लहर और धुंध कोहरा के लिए लगातार ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है।

राजकीय महाविद्यालय के पर्यावरण क्लब के नोडल अधिकारी एवं मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आज हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे ज्यादा ठंडी रातें और ठंडा दिन लगातार नारनौल की दर्ज हुई हैं। यहां रात्रि न्यूनत्तम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस, दिन का अधिकत्तम तापमान 18.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। महेंद्रगढ़ में अधिकत्तम 22.0 एवं न्यूनत्तम 6.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।



नारनौल। सर्दी से बचाव के लिए अलाव जलाकर शरीर तापते युवा।

### 30 दिसम्बर को एक ओर मध्यम श्रेणी का आएगा पश्चिमी विक्षोभ

डा. चंद्रमोहन ने बताया कि एक बाद कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील बना हुआ है। बार-बार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बार-बार हवाओं की दिशा में बदलाव से वातावरण में अस्थिरता बनी हुई, जिसकी वजह से जब नमी वाली शांत हवाएं चलने से सुबह के घंटों में धुंध कोहरा देखने को मिलता और इस दौरान रात्रि तापमान में हल्की बढ़त, जबकि दिन के तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलती हैं। जब शुष्क उत्तरी पश्चिमी तेज गति की हवाएं चलने से धुंध कोहरा छंट जाता है और रात के तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। इन मौसम प्रणालियों के समय और अंतराल ज्यादा नहीं होने से बार ठंड के तेवरों को भी ढीला कर देते हैं। हालांकि बार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर लगातार बर्फबारी जारी है। इसी कड़ी में आज एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है। इसके बाद दिसम्बर महीने के अंत में 30 दिसंबर को एक और मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिसकी वजह से साल के अंतिम दिन में और नए साल के मौके पर उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों विशेषकर जम्मू-कश्मीर और हिमाचल और उत्तराखंड पर भारी बर्फबारी की संभावना है।

### सुबह कहीं धुंध और कोहरा देखने को मिलेगा

सैलानियों के लिए खुशखबरी है कि उत्तरी पर्वतीय इलाकों में पर्यटन स्थलों पर नए साल के समय शानदार बर्फबारी देखने को मिल सकती है। साथ ही साथ मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 31 दिसम्बर से दो जनवरी के दौरान मौसम में बदलाव की सम्भावना बन रही है। इस मौसम प्रणाली से अभी के विश्लेषण से हल्की बारिश बूंदाबांदी व मावठ की सम्भावना भी बन रही है। हालांकि अभी इसमें कुछ बदलाव भी देखने को मिलेंगे। परन्तु जैसे ही मौसम प्रणाली आगे निकल जाएगी, वैसे ही मैदानी इलाकों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली की बात करें तो आने वाले दिनों हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड अपने तेवरों को प्रचंड बनाएगी। इस दौरान दिन और रात के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जाएगी, हालांकि उत्तरी पश्चिमी हवाओं की रफ्तार तेज होने के कारण धुंध कोहरा कोहरा में थोड़ी कमी आएगी, लेकिन शीतलहर और पाला जमने पड़ने की प्रबल संभावना है। इस साल अभी दिसम्बर महीने के अंतिम दिनों तक ठंड ने अभी तेवरों को प्रचंड नहीं बनाया है। जलवायु परिवर्तन का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। कुल मिलाकर बार-बार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से ठंड अपने तेवरों को दिखा नहीं पाई है, लेकिन अब यह सिलसिला फरवरी तक खिंच सकता है, क्योंकि लगातार सभी मौसम लगातार अपने समय से आगे अपना असर दिखा रहे हैं। हालांकि वर्तमान मौसम प्रणाली से भी वातावरण में हल्की नमी पहुंचने से अगर हवाएं शांत बनी रही तो सुबह के घंटों में कहीं-कहीं धुंध व कोहरा देखने को मिलेगा। साथ ही साथ कुछ स्थानों पर बादलवाही भी देखने को मिलेगी। अगर धुंध कोहरा और बादलवाही रही तो सुबह के तापमान में हल्की बढ़त, अगर धुंध कोहरा नहीं बनेगा तो रात्रि तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।



मंडी अटेली। अटेली में मिलन गार्डन को सील करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जनसुनवाई की शिकायतों पर बड़ी कार्रवाई

# नगर पालिका ने मिलन गार्डन को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली नगर पालिका की जनसुनवाई में लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर शहर में बिना अनुमति संचालित गतिविधियों पर सख्त रुख अपनाया गया है। इसी क्रम में नगर पालिका ने मिलन गार्डन को सील कर दिया। यह कार्रवाई नगर पालिका सचिव प्रशांत पाराशर के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार मिलन गार्डन को लेकर लंबे समय से जनसुनवाई के दौरान शिकायतें दर्ज कराई जा रही थी।

शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका द्वारा जांच करवाई गई, जिसमें सामने आया कि गार्डन आवश्यक एनओसी के बिना संचालित हो रहा था और यहां विवाह व अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। इससे पूर्व गार्डन संचालक राम अवतार यादव को नोटिस जारी कर नियमों की जानकारी भी दी गई थी। कार्रवाई के दौरान गार्डन संचालक ने सील न करने की अपील करते हुए कहा कि उन्होंने फिलहाल कोई बुकिंग नहीं ली है और पूर्व में समझौता भी हो चुका है। शिकायतों को निराधार बताते हुए डीएमसी से मिलकर अपना पक्ष रखने की बात कही। वहीं नगर पालिका सचिव प्रशांत पाराशर ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई है। भविष्य में भी अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी।

### मारपीट करने के आरोपितों पर केस

**कनीना।** सेहलंग में मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने चार व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में महेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिसंबर के हमले पखवाड़े में वह अपनी पत्नी के साथ प्लाट में आ गया था जहां जय भगवान भी हिस्सेदार है। जिसने अपने से अधिक हिस्से पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। उन्हें ऐसा करने से मना किया तो जयभगवान, एसके पुत्र नवनीत, पत्नी विजयंता व साले बलजीत ने उनके साथ मारपीट की। जिससे वे घायल हो गए। दूसरी ओर स्याणा गांव में पूर्व फौजी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घायल फौजी गजेंद्र पाल ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सांय करीब 5 बजे उनके पास 2-3 युवक आए और एक बोतल दारू देने की मांग की। उसने कहा कि वह दारू आदि का काम नहीं करता। इतना कहते ही युवकों ने दुकान में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पूर्व फौजी की शिकायत पर मारपीट के आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## मंडलाना रोड पर दो युवकों ने ट्रेनी पायलट से की मारपीट

**मंडी अटेली/नारनौल।** फ्लाइंग स्कूल बाछौद में पायलट ट्रेनी पर वीरवार रात्रि मंडलाना को जाने वाले रोड पर दो युवकों ने हमला कर दिया, जिसमें एक पायलट ट्रेनी चोटिल हो गया, जबकि महिला पायलट ट्रेनी की चेन छीनने का आरोप भी लगाया है। हमलावरों ने पायलट ट्रेनी का गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित पायलट ट्रेनी ने सिटी थाने में शिकायत दर्ज प्रेषित की है तथा नारनौल सिविल अस्पताल मे चोटिल पायलट ट्रेनी का मेडिकल करवाया है।

पीड़ित पायलट ट्रेनी रयान मोहब्बत ने बताया कि वह तथा उसकी महिला पायलट ट्रेनी नारनौल के नसीबपुर पायलट इन्स्पेक्टर से मिलकर अपने सुराणा स्थित हास्टल में रात्रि को आ रहे थे। तब मंडलाना रोड के समीप एक गाड़ी में युवक आए तथा उन्होंने उनकी गाड़ी के सामने सफेद रंग की बुलेरो लगाकर उनका रास्ता अवरुद्ध कर दिया। विरोध करने पर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया तथा महिला ट्रेनी के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। इसका विरोध करने पर एक युवक ने उस पर हमला कर दिया, जिसमें वह चोटिल हो गई। गाड़ी को नारनौल में खड़ा करके आसपास के लोगों के आने पर मामला हस्तक्षेप पर शांत हुआ। आरोप लगाया कि इस घटनाक्रम में महिला पायलट ट्रेनी की सोने की चेन भी छीन ले गए।

### सैनी सभा के शेष आजीवन सदस्यों को फॉर्म जमा कराने का अंतिम मौका

**नारनौल।** सैनी समाज की ओर से सभी आजीवन सदस्यों एवं 155 कॉलेजियम सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। सैनी सभा के महासचिव निहाल सैनी ने बताया कि वे सभी आजीवन सदस्य जिन्होंने ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत अपने फॉर्म पूर्व में भरकर जमा नहीं करवाए हैं, उन्हें अब अंतिम अवसर दिया जा रहा है। निहाल सैनी ने बताया कि ऐसे सभी शेष आजीवन सदस्यों को अपना फॉर्म भरकर एक जनवरी को शाम 5 बजे तक सभा भवन में अनिवार्य रूप से जमा करवाना होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद जिन सदस्यों के फॉर्म जमा नहीं होंगे, उनका वोट उनके संबंधित कॉलेजियम वार्ड से कट माना जाएगा। सैनी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन आजीवन सदस्यों को यह जानकारी नहीं है कि उनका फॉर्म ऑनलाइन दर्ज हुआ है या नहीं, वे अपने संबंधित वार्ड के मौजूदा कॉलेजियम से संपर्क कर इसकी पुष्टि कर सकते हैं। उन्होंने अंत में दोहराया कि निर्धारित समय सीमा के बाद उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए सभा की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, इसलिए सभी संबंधित सदस्यों से अपील है कि वे समय रहते फॉर्म जमा कर अपनी सदस्यता एवं मतदान अधिकार सुरक्षित रखें।

बैठक — हाइवे पर अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों पर भी लिया कड़ा संज्ञान

# पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट दोपहिया चालकों को तेल नहीं देने की हिदायत जारी करने के निर्देश

*सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने ली सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी एवं सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि किसी की मौत पर उसका परिवार कई दशक तक पिछड़ जाता है। ऐसे में सड़क हादसे को रोकने के लिए सभी उपाय अपनाएं जाएं। सांसद शुक्रवार सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी एवं सड़क सुरक्षा को लेकर पंचायत भवन में आयोजित बैठक में बोल रहे थे।

सांसद ने कहा कि परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिला में सड़क हादसों में 55 फीसदी दोपहिया वाहन चालकों की मौत हो रही है। ऐसे में सभी पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट दोपहिया चालकों को तेल नहीं डालने की हिदायत जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा नागरिकों को जागरूक भी किया जाए। सांसद ने सभी हाइवे पर अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए इन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष कर इस मौसम में हाइवे पर हादसों का सबसे बड़ा कारण ऐसे वाहन ही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण भी है। सरकार इस मामले में गंभीर है। उन्होंने कहा कि गश्ती टीमें अवैध रूप से खड़े वाहनों की फोटो खींचकर सीधे ट्रैफिक पुलिस को भेजें। टीमें लगातार गश्त पर रहें। इस मौके पर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस मामले में तुरंत प्रभाव से पालना करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सचिव आरटीए मनोज कुमार ने इस वर्ष हुए सड़क हादसों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर विधायक ओम प्रकाश यादव, एडीसी उदय सिंह, डीएसपी भारत भूषण, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।





नारनौल। सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि पाठकों के लिए विशेष सौगात
पंचांग–2026
आज दिनांक 27 दिसम्बर 2025 (शनिवार) के अंक के साथ




पंचांग मूल्य : रुपये 3.00/-*
*(समाचार पत्र मूल्य के अतिरिक्त)
आज ही वितरक से अपनी प्रति प्राप्त करें।



# राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर की तारीफों के बांधे पुल

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर से निर्देशक आदित्य धर और उनकी इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' की तारीफों के पुल बांधे। अपनी 10वीं पोस्ट में वर्मा ने आदित्य की तुलना दिग्गज अमेरिकी फिल्म निर्माता फ्रांसिस फोर्ड कोपोला के काम से की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कोपोला से आदित्य धर तक- एक निर्देशक का विकास सिर्फ पहले आए निर्देशकों से सीखकर नहीं होता, बल्कि बाद में आने वाले निर्देशकों से भी होता है। इसी तरह, आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से मुझे कुछ नई बातें सीखने को मिलीं।' राम गोपाल वर्मा ने आगे कोपाला की तारीफ में लिखा, 'कोपोला से मैंने गहरा और रहस्यमय ड्रामा सीखा, जिसे मैंने सत्या, कंपनी, सरकार जैसी अपनी फिल्मों में इस्तेमाल करने की कोशिश की। लेकिन, धुरंधर दिखाता है कि यह तरीका बड़े स्तर पर और ज्यादा प्रभावी हो सकता है। ऐसे सीन लिखना, जहां दर्शक समझने से पहले ही सब कुछ महसूस कर लें, यह एक नया तरीका है। राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, 'मैं मुख्यधारा के भारतीय निर्देशकों में से पहला था, जिसने हीरो को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर दिखाने से मना किया।

लाइफ Style

# जान्हवी
## मॉब लिंचिंग पर फूटा गुस्सा



एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीपू चंद दास की मॉब लिंचिंग का जिक्र करते हुए इसे 'कत्लेआम' करार दिया। जान्हवी कपूर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे पर जानकारी लें, सवाल उठाएं और सांप्रदायिक भेदभाव का विरोध करें।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अंग्रेजी में पोस्ट किया। उसमें लिखा, 'दीपू चंद्र दास... यह कत्लेआम है और यह कोई अकेली घटना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर इन सबके बाद भी गुस्सा नहीं आता तो यह गलत और दोहरा व्यवहार है जो सबके लिए खतरनाक है। उन्होंने लिखा, 'बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह देखकर अगर आपको गुस्सा नहीं आ रहा तो यह दोहरा व्यवहार है, जो हम सबको खत्म कर देगा। हम दुनिया के दूसरे कोने में किसी घटना पर दुख जताते हैं। हम दूर की घटनाओं पर रोते हैं, लेकिन अपने भाई-बहनों को जलते देखते रहते हैं।' जान्हवी ने स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक कट्टरपंथ की निंदा की और अपनी बात रखते हुए आगे लिखा, 'किसी भी तरह का सांप्रदायिक भेदभाव और कट्टरपंथ, चाहे हम पीड़ित हों या आरोपी, हमें अपनी इंसानियत भूलने से पहले इसकी बुराई करनी चाहिए। हम मोहरे हैं जो मानते हैं कि हम एक अनदेखी लाइन के दोनों तरफ हैं। इसे पहचानें और खुद को जानकारी से लैस करें ताकि आप उन बेगुनाह लोगों के लिए खड़े हो सकें जो इस सांप्रदायिकता में अपनी जिंदगी खोते जा रहे हैं और इससे डरे हुए हैं।' बता दें कि बांग्लादेश में 27 साल के हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने कथित ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को आग लगा दी थी।

## हॉलीवुड मसाला



# सौतेली मां पेगी डिकैप्रियो पहनती हैं पगड़ी

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो का भारत से भी एक गहरा कनेक्शन है। लियोनार्डो डिकैप्रियो ने अपने एक इंटरव्यू में अपने परिवार के बारे में बात की थी और बताया था कि उनकी सौतेली मां सिख हैं। मेरे पिता हिप्पी काउंटर कल्चर से आते हैं और उनका पालन-पोषण सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिल्स में हुआ। वे 70 के दशक के लॉस एंजिल्स में अंडरग्राउंड आर्ट मूवमेंट से जुड़े कई लोगों के साथ समय बिताते थे।' उनकी सौतेली मां, पेगी डिकैप्रियो अमृतधारी सिख हैं। पेगी डिकैप्रियो पगड़ी पहनती हैं और अक्सर पारंपरिक भारतीय कपड़ों में नजर आती हैं। खबरों के मुताबिक, उन्होंने कई साल पहले इस सम्प्रदाय को अपनाया था, लेकिन पगड़ी पहनना उन्होंने कुछ ही साल पहले शुरू किया।




# 'अवतार 3' बनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली विदेशी फिल्म

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' भारत में इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने यह कामयाबी सिर्फ सात दिनों में हासिल की है। 'अवतार 3' ने हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' के लाइफटाइम इंडिया कलेक्शन को पीछे छोड़कर इस साल विदेशी फिल्मों में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने अब तक 111.07 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। वहीं, इस साल रिलीज हुई ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' ने भारत के बॉक्स ऑफिस पर कुल 105.07 करोड़ रुपए कमाए थे। 'अवतार 3' से पहले कमाई के मामले में 'एफ1' टॉप पर थी। 'अवतार' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। बताया जाता है कि इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर' चल रही है, जिसकी वजह से 'अवतार 3' को कम दर्शक मिल रहे हैं। 'धुरंधर' की लहर के बावजूद उम्मीद है कि 'अवतार 3' की कमाई दूसरे हफ्ते में 200 करोड़ रुपए के करीब पहुंच सकती है।



# समांथा ने शेयर की भूत शुद्धि विवाह की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** साउथ की स्टार समांथा रुथ प्रभु की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है। फैंस उन्हें बहुत पसंद करते हैं और उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में सब जानना चाहते हैं। समांथा के लिए साल 2025 बहुत खास रहा है। अपने प्रोडक्शन हाउस से लेकर शादी करने तक समांथा की लाइफ में इस साल बहुत कुछ हुआ है। समांथा ने सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ की 15 खास तस्वीरें शेयर की हैं। जिसे देखकर हर कोई अंदाजा लगा रहा है कि ये साल समांथा के लिए कितना खास रहा है। समांथा ने क्रिसमस की शादी को अपने बिजी साल की फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में सामंथा की शादी की अनदेखी तस्वीरें हैं। जिसमें वो दुल्हन के जोड़े में पति राज के साथ बैठी नजर आ रही हैं। एक में शरारती चेहरा बना रही हैं। समांथा की मेहंदी से लेकर क्रिसमस तक की झलक उनकी फोटोज में देखने को मिली है।



# दायरा की शूटिंग पूरी अगले साल होगी रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार की नई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। जिसे खुद इस फिल्म के एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'दायरा' की निर्देशक मेघना गुलजार और अभिनेत्री करीना कपूर खान सहित एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर इसलिए खास है ,क्योंकि यह 'दायरा' के सेट से है। पृथ्वीराज ने इस शानदार तस्वीर को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, दायरा की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सेट की कहानी जल्द ही दुनिया भर के दर्शकों के लिए 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित फिल्म 'दायरा' की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी रेटिंग में पहले नंबर पर क्योंकि..2 और अनुपमा

**नई दिल्ली।** 50वें हफ्ते की टीआरपी को देखकर फैंस जरूर सरप्राइज हो जाएंगे। इस लिस्ट में इस बार नंबर पर एक ही शो है, लेकिन रेटिंग के मामले में दो टीवी शोज बराबर पर हैं। इस बार पहले नंबर पर दो शोज हैं- 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। वैसे देखा जाए तो ये दोनों ही शोज दर्शकों के पसंदीदा टीवी सीरियल्स में से टॉप पर रहते हैं। 50वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को नंबर वन और 'अनुपमा' को दूसरा स्थान मिला है। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों को 2.0 की रेटिंग मिली है। इस बार तीसरे नंबर पर टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' ने अपनी जगह बना ली है। इस बार 'तुम से तुम तक' को 1.9 की रेंटिंग मिली है। वहीं, इससे पहले 49वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह सीरियल पांचवें स्थान पर था। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों हफ्ते बराबर हैं। इस बार चौथे नंबर पर टीवी शो 'वसुधा' ने अपनी जगह बना ली है। इस सीरियल को 1.9 की रेटिंग मिली है। जबकि पिछली बार 49वें हफ्ते की लिस्ट में 'वसुधा' सीरियल टॉप पांच की लिस्ट में शामिल ही नहीं था। इस बार पांचवे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' को जगह मिली है। इस सीरियल को इस बार 1.8 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल भी 'वसुधा' की तरह पिछली टीआरपी रेटिंग लिस्ट में शामिल नहीं था।

## डिसऑर्डर से जूझ रही हैं नेहा



**नई दिल्ली।** सिंगर और एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट नेहा भसीन ने बताया था कि उन्होंने 2003 में अपना कॅरियर शुरू किया था और 2007 से ही उन्हें फैट बर्नर दिए जाने लगे थे, बिना यह सोचे कि उस कम उम्र में उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। वहीं, नेहा ने साल 2024 में खुलासा किया था कि वह अभी प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर से जूझ रही हैं। वह टीनएज से इसका सामना कर रही हैं। नेहा भसीन के कॅरियर और स्ट्रगल की बात करें, तो 42 वर्षीय सिंगर एक परफॉर्मर भी हैं और खुद ही अपने गाने भी लिखती हैं। वह 9 साल की उम्र से गाने गा रही हैं और कई म्यूजिक वीडियोज कर चुकी हैं। हालांकि, 20 साल की उम्र में नेहा भसीन ने सुसाइड की कोशिश की थी। उन्होंने इसकी वजह भी बताई थी। नेहा भसीन ने भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में बताया था कि जब वजन 50 किलो था, तो भी उन्हें बॉडीशेम किया गया था। टीवी की स्क्रीन पर उनके पेट पर घेरा बनाकर दिखाया गया था कि उनका फैट बहुत ज्यादा है, तो इसलिए उनका म्यूजिक वीडियो रिलीज नहीं किया जा सकता।

# भारत में कई हॉलीवुड सेलेब्स ने चलाया अपना जादू

**मुंबई।** साल 2025 में भारत में कई बड़े इवेंट्स देखने को मिले। म्यूजिक कॉन्सर्ट हुए, महाकुंभ जैसा भव्य आयोजन हुआ। इन मौकों पर कई हॉलीवुड सेलेब्स भी चर्चा का विषय बने। भारतीय दर्शकों के बीच इंडियन सिनेमा से जुड़े एक्टर्स, सिंगर को लेकर जितना क्रेज है, उतना ही क्रेज हॉलीवुड सेलेब्स को लेकर भी देखा जाता है। साल 2025 में कई हॉलीवुड सेलेब्स अलग-अलग वजहों से भारत आए। कुछ सेलेब्स की तो काफी चर्चा रही।

### उदयपुर की शादी में जेनिफर ने किया परफॉर्म

हॉलीवुड की मशहूर सिंगर जेनिफर लोपेज को हाल ही में भारत में देखा गया। वह एक अमेरिकी अरबपति की बेटी (नेत्रा मंटेना) की शादी में परफॉर्म करने लिए उदयपुर आई थीं। उनकी डांस, सिंगिंग परफॉर्मेंस सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस परफॉर्मेंस के लिए जेनिफर लोपेज ने लगभग 18 करोड़ रुपए चार्ज किए थे।



### एड शीरन ने अरिजीत संग गाया सफायर सॉन्ग

*ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस साल दो बार भारत में चर्चा में रहे। साल की शुरुआत में उन्होंने 'मैथमेटिक्स टूर' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। इस म्यूजिक कॉन्सर्ट को खूब पसंद किया गया। वहीं, इसी साल एड शीरन ने एक गाना सफायर लॉन्च किया, इसमें अरिजीत सिंह ने उनके साथ गाना गया। इंग्लिश गाने में अरिजीत ने पंजाबी और हिंदी में गाना गाया था। गाने में शाहरुख खान भी दिखे। साथ ही इस गाने में भारत की शानदार झलक भी सिंगर एड शीरन ने दिखाई।*

### एकॉन ने किया म्यूजिक टूर, सिंगर संग हुई बदसलूकी

शाहरुख खान की फिल्म 'रा-वन' में 'छम्मक छल्लो' गाना गाकर भारतीय दर्शकों के बीच पॉपुलर हुए थे अमेरिकी सिंगर एकॉन। नवंबर महीने में उन्होंने 'इंडिया टूर 2025' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। उनके कई गाने भारतीयों को पसंद है, इसमें स्मैक दैट और लोनली जैसे गाने सबसे ज्यादा पॉपुलर रहे हैं। एकॉन ने दिल्ली, बेंगलुरू और मुंबई में परफॉर्म किया। लेकिन, बेंगलुरू में हुए कॉन्सर्ट के दौरान इस सिंगर के साथ बदसलूकी भी हुई। कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची, इससे वह असहज हो गए।

# गर्लफ्रेंड गौरी के साथ नए साल के वेकेशन पर निकले आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट, भतीजे इमरान खान और परिवार के बाकी सदस्यों के साथ आज मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आमिर परिवार समेत नए साल की छुट्टियां मनाने मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हुए। इस वीडियो में आमिर खान इमरान खान के साथ नजर आ रहे हैं। इमरान ने एयरपोर्ट में एंट्री से पहले चाचा के साथ फोटो खिंचवाईं। आमिर कैजुअल कपड़ों में दिखाई दिए। उन्होंने पफ जैकेट पहनी हुई है, जिससे लग रहा था कि परिवार किसी ठंडी जगह (हिल स्टेशन) जा रहा है।



### दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर चल रहा काम

*गौरी स्प्रैट अपने बेटे के साथ एयरपोर्ट पर आमिर के साथ दिखाई दीं। आमिर की दोनों पूर्व पत्नियां रीना दत्ता और किरण राव से अच्छे संबंध हैं। रीना से शादी 1986 से 2002 तक चली। वे बचपन के दोस्त थे। रीना से उनके दो बच्चे हैं- जुनैद खान और इरा खान। किरण राव से 2005 में शादी हुई और 2021 में अलग हो गए। किरण से उनका बेटा आजाद है। आमिर की आने वाली फिल्मों में सनी देओल वाली 'लाहोर 1947' का निर्माण शामिल है। कथित तौर पर '3 इडियट्स' का सीक्वल भी बन सकता है। साथ ही दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर काम चल रहा है।*

## किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर हुए विरोध

# इस साल इन फिल्मों पर रहा विवाद, जमकर हुआ हंगामा

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिनेमा के लिहाज से साल 2025 काफी खास रहा है। बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में रिलीज हुईं। रोमांटिक ड्रामा से लेकर ऐतिहासिक और एक्शन तक, अलग-अलग तरह की फिल्मों का जादू दर्शकों पर चला। मगर, कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें लेकर विवाद हुए। कुछ पर तो रिलीज से पहले जमकर हंगामा हुआ। किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर विरोध हुए।

### छावा

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। यह 14 फरवरी 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म की खूब तारीफ हुई। मगर जब इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था तो कुछ सीन के विरोध में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए। खासकर संभाजी महाराज के डांस सीन दर्शकों को पसंद नहीं आए, जिनमें निर्माताओं को बदलाव करने पड़े।

### उदयपुर फाइल्स

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' इस साल अगस्त में रिलीज हुई। यह फिल्म कथित तौर पर साल 2022 की कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित थी। इसे लेकर काफी विवाद हुए। इस फिल्म पर फरत फैलाने और एक समुदाय विशेष को गलत दिखाने जैसे आरोप लगे। इसकी रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगाई, लेकिन कानूनी लड़ाई के बाद रिलीज हुई। सेंसर बोर्ड ने इसके कई सीन्स हटाए थे।



### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत इस फिल्म ने इस साल अक्तूबर में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इसकी रिलीज से पहले इसे लेकर खूब विरोध प्रदर्शन हुए। इसके तथ्यों पर सवाल उठाए गए। फिल्म पर आरोप लगे कि इसमें गलत जानकारी फैलाकर समाज में तनाव पैदा कर सकती है। इसके खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई थीं।

### द बंगाल फाइल्स

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर खूब विवाद हुए। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के दौरान तो जमकर हंगामा हुआ था। यह फिल्म 05 सितंबर 2025 को रिलीज हुई। यह 1946 की हिंसा पर आधारित है। इसे लेकर मेकर्स पर पॉलिटिकल एजेंडा फैलाने के आरोप लगे। पश्चिम बंगाल में इसकी रिलीज पर रोक लगी और कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए।




### इमरजेंसी

इस साल 17 जनवरी को कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज हुई। इसमें अभिनेत्री और भाजपा सांसद पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखीं। उनकी इस फिल्म पर काफी विवाद हुआ। इस फिल्म के निर्देशन की कमान खुद कंगना ने संभाली। यह फिल्म 1975 में लगे आपातकाल पर आधारित थी। फिल्म पर ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर दिखाने के आरोप लगे। सिख संगठनों ने समुदाय की गलत छवि दिखाने का दावा किया। जनवरी में आने से पहले 'इमरजेंसी' की रिलीज कई बार टली थी।

### जाट

अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा की 'जाट' इस साल अप्रैल में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय ने नाराजगी जाहिर की थी। फिल्म पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा। शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

### फुले

इस फिल्म में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा लीड रोल में नजर आए। फिल्म 25 अप्रैल को थिएटर्स में लगी थी। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। कई जगह ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया। इस फिल्म की रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए। इसके बाद रिलीज को हरी झंडी मिली।

## खबर संक्षेप

### सनातन धर्म में तुलसी का विशेष महत्वः मंड़ोधी

**चरखी दादरी।** तुलसी दिवस का महत्व तब है, जब हम सभी ये प्रण धारण करें कि हमारी भारतीय संस्कृति व प्राचीन विरासत को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे। खासकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना होगा कि किस तरह से हमारी परंपराओं के जरिए पूरे समाज को मजबूत किया जाए। यह आह्वान पुरानी अनाजमंडी परिसर स्थित प्राचीन श्रीसिद्ध महादेव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य आयोजक राधे श्याम मंड़ोधी ने किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने विधिवत तुलसी मैया की पूजा की।

### पर्यावरण प्रहरियों को किया सम्मानित

**भिवानी।** पर्यावरण संरक्षण कोई एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि यह जीवन भर निभाने वाली एक गंभीर जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य को सार्थक करते हुए जिला के गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में स्टूडेंट ऑफ द एनवायरनमेंट 2025-26 सम्मान समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बदलाव की पाठशाला के तत्वावधान में और स्व. ठाकुर तेजपाल सिंह की स्मृति में आयोजित किया गया।

### जरूरतमंदों को वितरित किए गर्म कंबल

**लोहारू।** लोहारू थाना प्रभारी जरनैल सिंह ने कहा कि खुशियों की दीवार भारतीय संस्कृति, सहयोग एवं समर्पण का संदेश दे रही है। वे शुक्रवार को अनाजमंडी परिसर में प्रयास संगठन के खुशियों की दीवार कार्यक्रम में जरूरतमंदों को गर्म कंबल वितरित कर रहे थे। संगठन के संस्थापक पवन स्वामी और रामपाल नकीपुर ने थाना प्रभारी और उनकी टीम का स्वागत किया। थाना प्रभारी जरनैल सिंह के साथ पुलिसकर्मी दीपक, विजेंद्र सिंह, शीला, सविता, सुनीता ने भी जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र भेंट किए।

### आर्य देवव्रत वशिष्ठ स्मृति पुरस्कार से सम्मानित

**भिवानी।** जर्नलिस्ट क्लब भिवानी द्वारा वार्षिक उत्सव एवं अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्यतिथि पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने शिरकत की और अध्यक्षता चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने की। कार्यक्रम में गुरुग्राम के वरिष्ठ पत्रकार अनिल आर्य को सातवां देवव्रत वशिष्ठ स्मृति पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसपी सुमित कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकारिता का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और आज की पत्रकारिता में अनेक बदलाव आए हैं।

### सभी प्राणियों में ईश्वर का वास : अभय गिरी

**चरखी दादरी।** ईश्वर का वास हम सभी प्राणियों के अंतर में समाहित है, अगर सही मायनों में भगवान को पाना है तो न सिर्फ जरूरतमंद इंसानों की सेवा करनी चाहिए, साथ में हमें हर एक मूक बेजुबान प्राणी व प्रकृति का संरक्षण करते हुए आगे बढना चाहिए। यह बात गांव नरसिंह वास में बाबा जमना गिरी मंदिर में आयोजित रात्रि जागरण व हवन यज्ञ तथा भंडारे के दौरान महंत बाबा अभय गिरी ने कही। मंदिर परिसर में महंत के सानिध्य में कुछ वर्ष पूर्व दिवंगत ब्रह्म विलिन हुए बाबा ईश्वरानंद महाराज की स्मृति में हवन किया।

### नशे के खिलाफ संत समाज ने संभाला मोर्चा

**बहल।** कस्बे में लोगों को मानव जीवन में स्वच्छता की महता बताने और नशे के खिलाफ मुहिम चलाने का मोर्चा अब संत महात्माओं ने संभाला है। श्री अलख आश्रम बहल के महंत विकास गिरी महाराज साधू संतों व आमजन के साथ पिछले तीन दिन से स्वच्छता और नशा मुक्ति अभियान चलाए हुए है। महंत विकास गिरी महाराज ने अपने अभियान की शुरुआत 23 दिसंबर से श्री अलख आश्रम बहल से की थी। सुबह आठ बजे से लेकर दस बजे तक महाराज विकास गिरी के अभियान में हर रोज सैकड़ों लोग जुड़ रहे है।

## टीआईटी स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

# नौनिहालों ने साहिबजादों की शहादत को नमन किया

कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर देशभक्ति के माहौल में सराबोर नजर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

टीआईटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को वीर बाल दिवस पर साहिबजादे जोरावर सिंह व फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान को याद किया। विद्यालय परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से वीर साहिबजादों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. डीपी कौशिक ने वीर साहिबजादों के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के माहौल में सराबोर नजर आया। विद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ और विद्यार्थियों ने पंक्तिबद्ध होकर वीर बलिदानियों को नमन किया। प्राचार्य ने बताया कि 26 दिसंबर का दिन हमें उन नन्हें नायकों की याद दिलाता है, जिन्होंने धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। वीर साहिबजादों का साहस एवं अटूट विश्वास हर युवा के लिए प्रेरणास्रोत है। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था।



**भिवानी।** चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*



भिवानी। उधम सिंह को श्रद्धांजलि देते शहीद-ए-आजम वीर उधम सिंह प्रदेश महासभा के सदस्य।

### श्रद्धा के साथ याद किया



**भिवानी।** वीर बालक स्मृति दिवस पर झोझूकलां स्थित सेठ किशनलाल वाला मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं आर्य करियर इंस्टीट्यूट द्वारा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को सम्मानित करना, उन्हें सही दिशा में करियर मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना रहा। मुख्यतिथि इंस्टीट्यूट के सीईओ राजबीर सिंह श्योराण व हरीश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष भाजपा आदि उपस्थित रहे। राजयोगिनी वसुधा बहन ने बच्चों को अपने लक्ष्य में कामयाब होने के लिए एकाग्रता ,समय प्रबंधन व ध्यान की विधियो के बारे में बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और शिक्षा व मार्गदर्शन ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### डॉ. आंबेडकर लाइब्रेरी में कार्यक्रम

**भिवानी।** देश के महान योद्धा महान क्रांतिकारी सरदार उधम की जयंती पर डॉ. आंबेडकर कालोनी स्थित डॉ. आंबेडकर लाईब्रेरी में उन्हें याद कर पुष्प अर्पित किए। सरदार उधम सिंह की जयंती मनाकर लाईब्रेरी के युवाओं ने देश के महान क्रांतिकारी को याद किया। शहीद-ए-आजम वीर उधम सिंह प्रदेश महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजू मेहरा ने कहा की हमें गर्व है की हम महान क्रांतिकारी योद्धाओं के देश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सरदार उधम सिंह ने शहीद-ए-आजम वीर भगत सिंह को अपना आदर्श मानकर जलियांवाला बाग हत्याकांड 1919 के मुख्य आरोपी जर्नल ओडायर को 21 साल बाद मौत के घाट उतार कर बदला लिया था। महान योद्धा ने बिना डरे 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सडन हाल में जलियांवाला बाग हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गोली मारकर लिया था।

### बाल स्मरण दिवस पर श्रद्धांजलि

**भिवानी।** रामगंज महोल्ला स्थित श्रीमती देवी बाई आश्रम में शुक्रवार को दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों के बाल स्मरण दिवस पर कार्यक्रम हुआ। इस दौरान आश्रम परिसर श्रद्धा, शांति और गौरव के भाव से सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मवीर सिंह पहुंचे तथा साहिबजादों की शहादत को नमन कर समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि ये दिवस केवल इतिहास के पन्नों को पलटने का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों, संस्कारों और बलिदान की अमर परंपरा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

## न्यूज डायरी



### ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बड़ा गौरवा स्थित ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय निदेशक वीना रानी भ्याणा में पहुंचकर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में अनेक बच्चों ने भाग लिया और चारों साहिबजादों में बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह जी के महान बलिदान, अद्वितीय साहस और धर्म के प्रति अटूट निष्ठा के बारे में प्रस्तुतियां प्रस्तुत करके सभी को हतप्रभ कर दिया। वहीं विद्यालय निदेशक वीना रानी भ्याणा ने बताया कि आज के समय के कुछ बच्चे व युवा गलत पगडंडी पर चल पड़े हैं तो उन्हें सही रास्ता दिखाते हुए बताना है कि हमें आजादी ऐसे ही नहीं मिली।



### शहीद उधम सिंह को जयंती पर किया नमन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में देश के लिए शहीद हुए वीरों की शहादत में 'वीर बाल दिवस' एवं शहीद उधम सिंह जयंती मनाई गई। उनकी शहादत को पुण्य स्मरण करते हुए प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ विभाग संचालक योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक द्वारा उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्रा रूही, रूहानी एवं जीनिशा द्वारा उनकी शहादत को याद करते हुए गुरु नानक जी का मूल मंत्र व सबद 'माएं तेरे बचडे शहीद हो गए' ने सभी को भाव विभोर कर दिया। छात्रा वंदना, गुरमीत, उज्ज्वल ने भाषण के माध्यम से, छात्र जयेश और सिहर ने कविता के माध्यम से, छात्रा हरप्रीत व अनमोल ने 'जप जी साहिब पाठ' के माध्यम से वीर शहीदों को याद किया।




### बच्चों ने साहिबजादों को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** आदर्श शिक्षण संस्थान में संचालित ओपन शेल्टर होम, आदर्श पुनर्वास स्कूल व स्पेशल स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया। संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने कहा कि आज सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार सुपुत्रों साहिबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह की याद में आजादी के अमृत काल में वीर बाल दिवस के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। जो हमें सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। सभी ने वीर शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। अपशिष्ट सामग्री से कला प्रतियोगिता में ओपन शेल्टर होम कि इशू, सुहानी प्रथम, सनी,सपना द्वितीय काली व साहिल तृतीय स्थान पर रही।



### हैप्पी विद्यालय में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम

**बवानीखेड़ा।** बलियाली स्थित हैप्पी हाई स्कूल में वीर बाल दिवस अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति, त्याग एवं साहस की भावना से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वीर साहिबजादों फतेह सिंह और जोरावर सिंह के बलिदान, साहस एवं आदर्शों से प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बलियाली के सरपंच श्री सचिन सरदाना, सरदार सुदर्शन सिंह गावड़ी, भाजपा नेता जगन्नाथ महता, चंदरभान मेहता, अशोक सरदाना, नंदराम धनिया, विजय नादान, समाजसेवी प्रवीण पाहवा, विद्यालय प्रबंधन की ओर से हैप्पी हाई स्कूल की प्रधानाचार्या अनीता जांगडा सुमन जांगडा एवं मुकेश कुमार, जितेश, बलवान जांगडा सहित अन्य मौजूद रहे।

### महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया

**बवानीखेड़ा।** जाट धर्मशाला भिवानी के अंदर महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया गया और सर्वजातीय जाटू खाप एवं महम चौबीसी खाप एवं अन्य संगठनों ने महाराजा सूरजमल को बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित किए और महाराजा सूरजमल की फोटो के साथ गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों के फोटो सहित आए हुए मेहमानों को फोटो वितरित की गई। मौके पर उपस्थित कैप्टन भीम सिंह प्रधान सर्व जातिय जाटू खाप 84 एवम महम चौबीसी के प्रधान सुभाष नंबरदार, जाट धर्मशाला के प्रधान दिलबाग सिंह सांगवान एवं राजपूत समाज के प्रधान युवा दीपा, मनोज तवर, रिटायर्ड प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह सभी ने मिलकर इस प्रोग्राम को जाट धर्मशाला भिवानी में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर उपस्थित कमल प्रधान, मास्टर राज सिंह, होशियार सिंह, लेबर कमिश्नर, गंगाराम प्रधान ईश्वर गांधी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कविताओं में जीवंत हुई अटल जी की यादें

- स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के अंत्योद के मंत्र को साकार कर रही है भाजपा सरकार : विरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में अटल स्मृति कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक घनश्याम सर्राफ और भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान विख्यात कवयित्री गीता सिंह, डा. रमाकांत शर्मा, पुरूषोत्तम पुष्प, कर्मवीर तिगड़ानिया, अर्जुन प्रताप सिंह, अनिल वत्स, महेश कौशिक आदि कवियों ने अपनी ओजस्वी वाणी और कविताओं के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के विराट व्यक्तित्व, उनकी कविताओं और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को साझा किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का मानना था कि राजनीति सेवा का माध्यम है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार उन्हीं के अंत्योदय के मंत्र को साकार कर रही है। अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यअतिथि व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

कवि सम्मेलन का मुख्य आकर्षण कवयित्री गीता सिंह रहीं, जिन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से अटल के जीवन के अनछुए पहलुओं को उजागर किया। अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं में देशप्रेम का जज्बा भर दिया। पूरा कार्यालय परिसर अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहें के नारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर महासचिव बृजलाल सर्राफ, कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

### सुशासन, सादगी एवं राष्ट्रसेवा के प्रतीक थे अटल बिहारी वाजपेयी

**भिवानी।** राजकीय वमा विद्यालय लोहानी में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित मदन मोहन मालवीय और राजा सुरजमल को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान पुण्यात्माओं के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके किया। प्राचार्य भगत सिहं कोठारी ने राजा सुरजमल, अटल बिहारी वाजपेयी, मदनमोहन मालवीय और शहीद ऊधम सिंह के भक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाने और उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी और राजा सुरजमल के प्रसंग सांझा किए।

## जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप के लिए युवराज का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

खेल जगत में एक बार फिर खेल नगरी भिवानी की माटी का दबदबा देखने को मिला है। हनुमान गेट रेलवे फाटक के निकट कवि सूरजभान अजायब कॉलोनी के रहने वाले युवराज बामणिया ने अपनी प्रतिभा और असाधारण कौशल के दम पर जूनियर वल्ड वुशु चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया है। चीन में 23 से 31 मार्च तक होने वाली चैंपियनशिप के लिए 22 से 24 दिसंबर तक चयन ट्रायल का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में देशभर के धुरंधर खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, लेकिन युवराज ने अपने बेहतरीन तकनीक और फुर्ती से सभी को पीछे छोड़ते हुए क्वालीफाई किया। युवराज की सफलता के पीछे उनके पिता एवं कोच भारत सूरजभान का अहम योगदान है। कोच भारत सूरजभान व चाचा अनिल ने बताया कि युवराज बचपन से ही खेल के प्रति समर्पित है। युवराज ढाणी हनुमान स्थित राजकीय स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में उनका संतुलन प्रेरणादायक है।



युवराज।

## सांस्कृतिक महोत्सव में युवा प्रतिभाओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

- पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठनः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव उमरावत में सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद सांस्कृतिक भवन में आयोजित पांच दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के चतुर्थ दिवस शुक्रवार को कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने की। इस अवसर पर मुख्यतिथि के रूप में कृष्ण पूर्व सरपंच कटेसरा तथा देवेंद्र पूर्व सरपंच कलिंगा ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण पूर्व सरपंच नरसिंहवास एवं राजेश शर्मा पूरणपुरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान संगठन की सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष एवं हरियाणा केसरी लोकगायक राजेश थुराणा की सुपुत्री साक्षी शर्मा को इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।



भिवानी। कांस्य पदक प्राप्त करने पर साक्षी शर्मा को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी।

## सेंगर की जमानत मिलने पर विरोध जताया

# काली पट्टी बांधकर भिवानी में सड़कों पर उतरी युवा कांग्रेस

*बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा के नेता ही बेटियों की सुरक्षा के लिए खतराः संधू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

उन्नाव दुष्कर्म मामले के मुख्य आरोपी एवं पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ प्रदेशभर में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भिवानी में हरियाणा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सोमिल संधू के नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष मनदीप सुई की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने हाथों और सिर पर काली पट्टियां बांधकर केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारी कोर्ट परिसर के नजदीक एकत्रित हुए और भाजपा सरकार की नीतियों व कार्यप्रणाली पर कड़ा ऐतराज जताया। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सोमिल संधू ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों को संरक्षण देना आम बात है। उन्होंने सीधे तौर पर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता के जोर पर भाजपा और उसके नेता लोकतंत्र की हर मर्यादा का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्नाव जैसे जघन्य कांड के आरोपी को राहत मिलना न्याय प्रणाली और पीड़ित परिवार के संघर्ष पर गहरी चोट है। भाजपा का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा पूरी तरह खोखला साबित हो चुका है, क्योंकि इनके अपने नेता ही बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनदीप ने भाजपा विरोधी पर्चे हाथों में लेकर रोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आमजन न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है, जबकि सत्ता पक्ष से जुड़े रसूखदार लोगों को कानून की ढील मिल रही है।

उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार ने अपनी मानसिकता नहीं बदली तो युवा कांग्रेस इस लड़ाई को गांव-गांव और घर-घर तक ले जाएगी।



**भिवानी।** काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव योगेंद्र सोनी, हल्का अध्यक्ष रजत राठौर, जितेंद्र चौधरी, अतुल हुड्डा, रोमिल, विकास परमार, हिमांशु, दीपक देशवाल, साहिल, सोनू शर्मा व नरेश चांग आदि मौजूद रहे।

## बिजली चोरों पर तीन लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**बाढ़ड़ा।** उपमंडल बिजली निगम की टीम ने क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर वीरवार को एक दर्जन घरों में बिजली चोरी पकड़ी तथा एक लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया। पिछले एक माह में लगभग दस लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ रामसिंह ने बताया कि उपमंडल क्षेत्र में लाईन लॉस को खत्म करने के लिए पुरानी आपूर्ति लाईनों का नवीनीकरण किया गया है। वहीं ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कई प्रतिष्ठानों पर बिजली चोरी पकड़ो अभियान चलाया गया। टीम ने दो सप्ताह पहले संचालित चोरी पकड़ो अभियान के तहत पांच दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को मीटर के अलावा कुंडी कनेक्शन करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। टीम ने गुरूवार व शुक्रवार को गांव कारीमोद, बाढड़ा कस्बे में छापेमारी अभियान चलाकर एक दर्जन घरों में बिजली चोरी पकड़ी तथा मौके पर ही एक लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया। इसके अलावा सोमवार को अभियान से ढाई लाख रुपये का जुर्मान लगाया तथा मौजूदा दिसंबर के एक माह में लगभग दस लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया। उन्होंने दावा किया कि उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाई जाएगी।

## सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने ली दिशा की बैठक, अफसरों को दिए निर्देश

# हर गांव का विलेज डेवलपमेंट प्लान बनाकर काम करें: सांसद

### 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगी वीबी जीरामजी : चौधरी धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। दिशा की बैठक लेते सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि सरकार ने मनरेगा को अब विकसित भारत जीरामजी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगी। पहले इस योजना का मकसद केवल रोजगार देना था जबकि अब रोजगार के साथ-साथ ग्रामीण विकास पर फोकस किया है। अब सरकार ने 100 की बजाए 125 दिन रोजगार की गारंटी दी है। सांसद शुक्रवार पंचायत भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी जिला महेंद्रगढ़ में अब हर गांव का विलेज डेवलपमेंट प्लान बनाकर काम करें। जिस प्रकार शहरों का मास्टर प्लान बनता है, ऐसे प्लान बनकर गांव का विकास करें। गांव में किसी भी योजना के तहत विकास हो, वो सभी विलेज डेवलपमेंट प्लान के माध्यम से करवाया जाए। समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना जरूरी है। इस मौके पर सांसद धर्मबीर सिंह ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सांसद का स्वागत किया। इस बैठक में पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, एडीसी उदय सिंह, पूर्व विधायक सीताराम यादव व भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

#### स्वयं सहायता समूह से 2,049 नए परिवारों को जोड़ा

सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में अब तक 1,773 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। वर्ष 2025-26 के दौरान 2,049 नए परिवारों को इन समूहों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया है।

#### अमृत सरोवर योजना के तहत जिला में 80 तालाबों पर काम जारी

सांसद ने बताया कि जिला में अमृत सरोवर योजना के तहत 80 तालाबों की पहचान की गई थी। सभी 80 पर काम शुरू हो चुका है। इनमें से 10 सरोवर पूरी तरह तैयार हैं और 38 पर काम तेजी से चल रहा है।

#### बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण पर 210.60 लाख खर्च

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत शिक्षा, जल आपूर्ति और सड़कों जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 331.36 लाख रुपये की मंजूरी दी गई थी, जिसमें से 210.60 लाख रुपये खर्च कर 48 विकास कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

#### पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 1192 घरों को मंजूरी

सांसद ने बताया कि बेघरों को पक्का मकान देने के लक्ष्य में महेंद्रगढ़ जिले ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कुल 1,219 पात्र आवेदकों में से 1,192 घरों को मंजूरी दी जा चुकी है और 1,137 लाभार्थियों को पहली किस्त भी जारी कर दी गई है।

#### विकसित भारत जी रामजी में 6,024 श्रमिकों को काम मिला

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने बताया कि मनरेगा जो अब विकसित भारत जी रामजी योजना है उसमें वर्तमान में 20,660 सक्रिय श्रमिक इस योजना से जुड़कर विकास कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं। अब तक 6,024 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

#### स्वच्छ भारत मिशन के तहत 31 ग्रे-वॉटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट्स पूरे

स्वच्छता के क्षेत्र में जिले ने ठोस प्रगति की है। व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के लिए 244 के लक्ष्य के मुकाबले 109 का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। इसके अलावा, 34 ग्रे-वॉटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट्स में से 31 सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं।

## कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम पर जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की ओर से ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन खादी संस्थान जिला महेन्द्रगढ़ (खादी कार्यकर्ता संघ) द्वारा किया गया। जिसमें सचिव बलवंत शर्मा की सक्रिय भूमिका रही। जागरूकता शिविर का उद्देश्य पारंपरिक कुम्हार समुदाय को सरकारी योजनाओं, आधुनिक तकनीकों, प्रशिक्षण सुविधाओं, वित्तीय सहायता तथा स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम के विभिन्न घटकों जैसे उन्नत उपकरणों की उपलब्धता, उत्पादन क्षमता में वृद्धि, विपणन सहयोग एवं आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभागियों को योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया तथा उनके प्रश्नों का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में लाभार्थियों ने इस प्रकार के जागरूकता शिविरों को अत्यंत उपयोगी बताते हुए आयोजक संस्था एवं उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) से मोहित मीना उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) अधिकारी शिव कुमार शर्मा, हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (एचकेवीआईबी) से कैलाश चंद्र के अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्ति एसपी शर्मा, उपचार गोशाला प्रधान गंगाराम, नेतराम सैनी, ओमप्रकाश, रामनिवास, परमानंद, नरेंद्र सिंह, आनंदी लाल व निर्मला देवी आदि भी उपस्थित रहे।

## अरावली स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

अरावली इंटरनेशनल स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया। चेयरमैन अशोक कुमार ने स्कूल के बच्चों से इस दिन होने वाली गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने की अपील की। बच्चों ने स्टेज के माध्यम से बताया कि साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा सर्वोच्च बलिदान के संबंध मे प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के भविष्य की नींव माने जाने वाले बच्चो को सम्मानित करने के लिए समर्पित एक राष्ट्रीय उत्सव है। मैनेजमेंट प्रतिनिधी अमित यादव ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, रचनात्मक को बढावा देना और उन्हे विकसित भारत के सपने मे योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। वीर बाल दिवस का आयोजन हिंदी अध्यापक देवेंद्र व अध्यापिका मीनाक्षी ने करवाई।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्रा। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप




### आरपीएस विद्यालय में शैक्षणिक प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी बौद्धिक क्षमता को प्रखर बनाने के उद्देश्य से आरपीएस विद्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। इसी क्रम में संस्था के प्राथमिक विभाग में कक्षा चौथी व पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर्सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के लिए एस रामानुजन, मदर टेरेसा, एपीजे अब्दुल कलाम व कल्पना चावला नामक चार टीम गठित की गई। प्रतिभागियों के चयन के लिए पूर्व में एक स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया गया, जिसके आधार पर हाउस अनुसार टीमों का गठन किया गया।

### छात्र चित्राक्ष का राष्ट्रीय शूटिंग में शानदार प्रदर्शन




**महेंद्रगढ़।** द नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र चित्राक्ष यादव ने यूथ कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 11 दिसंबर से चार जनवरी 2026 तक करणी सिंह शूटिंग रेंज नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। यूथ कैटेगरी की 10 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चित्राक्ष यादव ने 600 में से 552 अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर मेहनत का शानदार परिचय दिया। उनकी इस सफलता के पीछे उनके खेल कोच रामकिशन यादव का विशेष मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग रहा है, जिन्होंने प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी और मानसिक रूप से उन्हें मजबूत बनाया। चित्राक्ष की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय संचालक सुभाषचंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने चित्राक्ष को सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसडी स्कूल में करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन



**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में शुक्रवार को विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा निर्धारित करने के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में दसवीं के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सत्र की मुख्य वक्ता डॉ रितु नारंग दिल्ली ने विद्यार्थियों को कैरियर के विभिन्न अवसरों पर मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों को उनकी जिज्ञासा अनुसार अलग-अलग फील्ड का चयन करने के तौर-तरीके बताए गए। उन्होंने कहा कि करियर पथ में सहायता प्रदान करना उनका मकसद है। विद्यार्थियों ने करियर काउंसलर से खुलकर प्रश्न किए। जिनका तसल्ली से जवाब दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने भी विद्यार्थियों को समय रहते अपने लक्ष्य की पहचान करने और उसके प्रति मेहनत करने को कहा। इस मौके पर प्राचार्य ओमप्रकाश यादव, सीईओ आरएस यादव उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## इंडस वैली में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गांव दौंगड़ा अहीर स्थित इंडस वैली पब्लिक स्कूल में विज्ञान विषय को रोचक और ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता विद्यालय के चार सदनों शहीद भगत सिंह सदन, डॉ. राधाकृष्णन सदन, राव तुलाराम सदन एवं रवींद्र नाथ टैगोर सदन के मध्य आयोजित हुई, जिसमें सेकेंडरी (नवीं व दसवीं) व सीनियर सेकेंडरी (11वीं व 12वीं) के बच्चों ने भाग लिया। सेकेंडरी कक्षा वर्ग (नौवीं व दसवीं) में शहीद भगत सिंह सदन से तन्नु कक्षा नौंवी, जय कक्षा नौंवी व इशिका 11वीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं राव तुलाराम सदन के हर्षित कक्षा नौंवी, जयंत कक्षा नौंवी व इशिता कक्षा दसवीं ने द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सीनियर सेकेंडरी वर्ग (11वीं व 12वीं) में डॉ. राधाकृष्णन सदन के ऋषभ (कक्षा-11), प्रियांशी (कक्षा-11), अंकित (कक्षा-12) एवं अनामिका (कक्षा-12) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। शहीद भगत सिंह सदन के रितेश (कक्षा-11), सार्थक (कक्षा-11), सोवित (कक्षा-12) एवं रीतिका (कक्षा-12) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन चेयरमैन धर्मेंद्र यादव की अध्यक्षता में किया गया। सेकेंडरी वर्ग का मंच संचालन मंजू यादव व सुदेश यादव ने किया, जबकि सीनियर सेकेंडरी वर्ग का मंच संचालन नरेश तंवर व हनुमान यादव द्वारा किया गया।

### किराया वृद्धि से रेल यात्रियों में रोष

**महेंद्रगढ़।** रेलवे विभाग द्वारा 26 दिसंबर से देशभर में यात्री किराए में वृद्धि किए जाने से आम रेल यात्रियों में नाराजगी देखने को मिल रही है। किराया बढ़ोतरी के तहत महेंद्रगढ़ से दिल्ली सराय रोहिल्ला और महेंद्रगढ़ से चूरू जाने वाले यात्रियों को अब पांच-पांच रुपये अतिरिक्त किराया देना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि गाड़ी संख्या 14727-28 तिलक ब्रिज–श्रीगंगानगर पैसेंजर तथा 14823-24 जोधपुर–रेवाड़ी ट्रेन वर्तमान में सभी स्टेशनों पर ठहराव करने के बावजूद एक्सप्रेस श्रेणी का किराया वसूल रही हैं। जबकि इन दोनों गाड़ियों में न्यूनतम टिकट दर 35 रुपये से कम नहीं है, जिससे दैनिक यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

## राव सुल्तान स्कूल में मनाई शहीद उधम सिंह की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बेहड़ा में शहीद उधम सिंह जयंती मनाई गई। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव मुख्यातिथि व अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने की। शहीद उधम सिंह के चरणों में पुष्प अर्पित किए। निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने बताया कि उधम सिंह का जन्म 26 दिसंबर 1899 सुनाव पंजाब में शेर सिंह के रूप में हुआ था। बाद में उन्हें उधम सिंह नाम मिला। वह एक सच्चे भारतीय क्रांतिकारी थे।, जिन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए लंदन में पंजाब के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ डायर की हत्या की थी। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अन्याय के खिलाफ खड़े होने का प्रतीक बन गए थे। इसलिए ही उनको शहीद ए आजम उधम सिंह के नाम के रूप में भी जाना जाता है। बाद में उन्हें गिरफ्तार किया गया और 31 जुलाई 1940 को फांसी दे दी गई। इसी दिन को वीर बालक दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, जिनकी शुरुआत 2022 से की गई।

### पूर्व पीएम वाजपेयी के जन्मदिवस के पर सुशासन दिवस मनाया

**महेंद्रगढ़।** शहर के बीपीएम गार्डन में वीरवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने महेंद्रगढ़ विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पार्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाजपा विधायक कंवर सिंह यादव व विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र रहे। मंच संचालन किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल ने किया। विधायक ने कहा कि अटल जी ने अपने सुशासन, राष्ट्रभक्ति और दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से देश को नई दिशा दी।

### श्रीकृष्णा स्कूल में श्रद्धा के साथ मनाया वीर बाल दिवस, बच्चों ने किया भावविभोर

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में वीर बाल दिवस श्रद्धा और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। यह दिवस सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों साहिबजादा, जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहस, त्याग और धर्म के प्रति अटूट आस्था के मूल्यों को जागृत करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ हुई। इस दौरान शिक्षक ने वीर बाल दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए साहिबजादों की वीरता, साहस और अन्याय के सामने न झुकने के दृढ़ संकल्प के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, कविता पाठ एवं विचार प्रस्तुत कर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुछ विद्यार्थियों ने साहिबजादों के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार छोटी आयु में भी उन्होंने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को भावविभोर कर दिया।



महेंद्रगढ़। वीर बाल दिवस कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## कलाम, आर्य भट्ट व कौटिल्य हाउस अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। इसका आयोजन वर्गानुसार किया गया। कक्षा चार से पांच वर्ग में कुल चार टीमों ने भाग लिया। इस मुकाबले में आर्यभट्ट हाउस की टीम प्रथम रही जिसमें वन्य, पीयूष ने बाजी मारी। इसी क्रम में दक्ष व धीरज ने कलाम हाउस की टीम को द्वितीय स्थान दिलवाया। वंशिका और यश ने कौटिल्य हाउस की टीम को तीसरा स्थान दिलवाकर जीत दर्ज की।

इसी तरह कक्षा छह से आठ के वर्ग में भी मुकाबला कड़ा रहा। इस वर्ग में रामानुजन हाउस की टीम प्रथम रही। जिसमें अंश, लक्षय और दीक्षा ने भाग लिया। द्वितीय स्थान पर दो हाउस संयुक्त रूप से विजेता रहे। जिसमें कौटिल्य हाउस के विद्यार्थी सृष्टि, भविष्य व जीविका व कलाम हाउस के यशस्वी, नवीन और वंश यादव शामिल रहे। तीसरे स्थान पर आर्यभट्ट हाउस की दूसरी टीम विजेता रही, जिसमें जीविका कुमारी, रितिका व धीरज ने भाग लिया। कक्षा नौ से 12 वर्ग के विद्यार्थियों के बीच मुकाबला बड़ा ही रोचक रहा। इस वर्ग की कलाम हाउस की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें सानिया, अनीश, पलक व विधि प्रतिभागी शामिल रहे। इसी क्रम में कौटिल्य हाउस के प्रतिभागियों में सुनिधि, अंशिका, समीर व दीपांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर कौटिल्य हाउस की टीम शामिल रही, जिसमें इशांत जिगर, हिमांशु, वंशु व शुभम प्रतिभागी शामिल रहे। क्विज मास्टर ने वर्गों के स्तर के आधार पर बड़े ही जटिल प्रश्न पूछे, जिसमें कभी-कभी विद्यार्थी उलझते हुए भी नजर आए। प्रश्नोत्तरी में जनरल राउंड, रैपिड फायर राउंड, पिक्चर राउंड, फन राउंड जैसे अनेक चरण शामिल किए गए तथा विद्यार्थियों की बौद्धिक परीक्षा ली गई। कुछ प्रश्नों के उत्तर श्रोताओं ने भी दिए।

**आह्वान** महाराजा सूरजमल की शूरवीरता से युवाओं के कराया अवगत

## जाटसभा की आम बैठक में मृत्युभोज प्रतिबंद पर सहमति व जागरूकता अभियान से दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी


नांगल चौधरी। सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम पर विचार-विमर्श करती हुई जाटसभा। फोटो : हरिभूमि

बहरोड़ रोड पर स्थित धर्मशाला में जाटसभा की बैठक प्रधान जोगेंद्र सिंह छिल्लर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्प अपित करके 262 वां पराक्रम दिवस मनाया गया। साथ ही समाज में फैली दहेज प्रथा, नशाखोरी, रूढीवादिता तथा मृत्यूभोज बंद करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। आम सहमति बनने मृत्यूभोज को बंद करने का फैसला लिया तथा अन्य कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए कमेटी गठित की गई जो गांव वाइज मीटिंग करके सहमति बनाएगी। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के सिद्यांतों का अनुसरण करने समाज को संगठित, संस्कारित और शिक्षित होने का संदेश मिलता है। महाराजा सूरजमल ने अपने शासनकाल में 80 से अधिक युद्ध लड़े थे, जिसमें उन्होंने मुगलों को कई बार पराजित किया था। पानीपत युद्ध में मराठों की मदद करके उन्होंने सामाजिक सिद्यांतों का प्राथमिकता दी है। उन्होंने न्यायपूर्ण और शक्तिशाली राज्य स्थापित किया था जिससे बौखलाई मुगल सेना से चकमा देकर 25 दिसंबर 1763 को घेर लिया, तथा वीरता पूर्वक लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। इसके बाद समाज में फैली कुरीतियों पर मंथन किया, जिसमें मृत्युभोजज पर प्रतिबंद करने का फैसला लिया गया है। बैठक में कमेटी का गठन किया गया जिसे गांव वाइज तालमेल करके दहेज प्रथा, नशाखोरी, रूढीवादिता के प्रतिबंद पर सहमति बनाने की रूपरेखा बनाई गई है।

#### ये रहे मौजूद

समाजसेवी सुधीर चौधरी, धीरज सिंह, पूर्व प्रधान कुलदीप जेलदार, बलबीर सरपंच, हजारीलाल लंबारा, एडवोकेट प्रमोद ताखर, जसवंत शेहरावत, विजय सिंह, ईश्वर सिंह, एडवोकेट अजय सिंह, रामनिवास सरपंच, सरपंच मालाराम, सत्यपाल दहिया इत्यादि मौजूद रहे हैं।